Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Saroj Shri Tufani

>

Title : Need to open a Branch of State Bank of India at Jakhania market in Saidpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तूफ़ानी सरोज (सैदपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भातर सरकार का ध्यान अपने चुनाव क्षेत्र सैदपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले जखनियां बाजार के व्यापारियों, कर्मचारियों-अधिकारियों और अन्य लोगों की समस्याओं की ओर आकृट करना चाहता हूं। जखनियां केवल कस्बा ही नहीं है बल्कि जखनियां उस क्षेत्र का एक प्रमुख रेलवे स्टेशन भी है। वहीं तहसील मुख्यालय और ब्लाक मुख्यालय भी है। वहां कई डिग्री कॉलेज है। कई इंटर कॉलेज और हाई स्कूल भी हैं। यहां बाजार, रेलवे स्टेशन, ब्लाक मुख्यालय, तहसील मुख्यालय तथा रेलवे स्टेशन होने के कारण सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या भी अच्छी-खासी हे। यहीं पर एस.डी.एम का कार्यालय और न्यायालय भी है। पर यहां स्टेश बैंक ऑफ इंडिया की कोइ शाखा नहीं होने के कारण अधिकारियों, कर्मचारियों व व्यापारियों सहित आम लोगों को बैंक ड्राफ्ट बनवाने, पैसा जम करने व निकालने और व्यापारिक लेन-देन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए इस क्षेत्र के लोग लंबे अर्से से जखनियां में स्टेट बैंक आफ इंडिया की एक शाखा स्थापित करने की मांग करते आ रहे हैं।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि लोगों की जरूरत को देखते हुए जखनियां बाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा स्थापित करने के लिए वह तत्काल कदम उठाये।